**Fourteenth Loksabha**

**Session : 8**
**Date : 03-08-2006**

**Participants : Shukla Smt. Karuna**

>

Title : Regarding damage caused by the breaking of the Rakhad dam in the district Korba.

**श्रीमती करुणा शुक्ला (जाँजगीर)** : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार का ध्यान अपने क्षेत्र के कोरबा जिले के ग्राम धनरास में एन.टी.पी.सी. के राखड़ बांध के फूट जाने से उत्पन्न हुई समस्या की ओर आकर्ति करना चाहती हूं। हमारे क्षेत्र में कोरबा जिले के ग्राम धनरास में एन.टी.पी.सी का राखड़ बांध फूट गया है। यह बांध 1481 एकड़ जमीन पर स्थित है। इस बांध के फूटने से उस ग्राम के एक आदमी जगदीश देवांगन की मौत हो गई और बहुत सारी भैंसे, बकरियां आदि दब गये। मैं स्वयं उस स्थल पर गई थी। एन.टी.पी.सी. के अधिकारियों ने 150 की जनसंख्या वाले ग्राम धनोट के लोगों तथा आसपास के प्रभावित ग्रामों के लोगों के लिए कोई व्यवस्था नहीं की है। वहां राखड़ बांध से पानी का रिसाव होता है, जिसके कारण नदी, नाले और तालाब प्रभावित होते हैं। फलस्वरूप गांव के लोग गंदा पानी पीने के लिए बाध्य हैं। मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करती हूं कि एन.टी.पी.सी. विभाग ने वहां के ग्रामीणजनों के लिए कुछ नहीं किया है। मेरी मांग है कि वहां के लोगों के व्यवस्थापन के लिए बिजली, पानी तथा घरों की सुविधा प्रदान करने के लिए जल्दी से जल्दी कार्रवाई की जाए तथा जिस व्यक्ति की मृत्यु हुई है, उसके परिवार को उचित मुआवजा दिया VÉÉA[R96]।

जिनके जन और धन की हानि हुई है, उनको उचित मुआवजा दिलवाने का कट करें।